>

Title: Need to supply power to Dibiyapur from NTPC Plant in Etawah Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री प्रेमदास (इटावा): सभापति महोदय, आपने मुझे इस विषय पर बोलने का मौका दिया। मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहूंगा कि हम लोग ज़ीरो ऑवर में अपनी बात रखते हैं और उस बात पर कोई एक्शन नहीं होता है। सरकार व मंत्री बहुत गंभीर नहीं हैं। तीन साल पहले शिंदे साहब ने हमारे लोकसभा क्षेत्र इटावा, यूपी में एनटीपीसी का एक प्लांट लगाने की घोषणा की थी। उसमें पांच कि.मी. बिजली देने की घोषणा की गई थी। मैं समझता हूं कि पूरी 15वीं लोकसभा खत्म भी हो जाएगी लेकिन इसके बाद भी नहीं लगेगा। किसान कितनी बेशुमार कीमती जमीन प्लांट को उपलब्ध कराता है और किसानों की बात नहीं सुनी जाती है। पूरे देश को एनटीपीसी से बिजली जाती है। मेरी मांग है कि कम से कम 15वीं लोकसभा में मंत्री जी विशेष ध्यान रखकर इस कार्य को पूरा कराएं अन्यथा किसान बहुत आक्रोश में हैं, आंदोलन कर सकते हैं। इससे ज्यादा हम लोग अपनी बात कहां रख सकते हैं? जब यहां हमारी बात नहीं सुनी जाएगी तो कहां सुनी जाएगी? शिंदे साहब ने घोषणा कर दी लेकिन फिर भी यह अन्याय हो रहा है। इसलिए सरकार इस पर गंभीर हो और इस कार्य को कराने का प्रयास करे। ।